आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 10.07.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पुलिस सेवा के अट्ठाईस परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ चर्चा में द्वीपो में चलाए जा रही विकासीय गतिविधियों की जानकारी दी।
- ननकौड़ी तहसील में ई–कॉर्नर स्थापित किया गया है– मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल वर्चुअल मोड़ से इसका उद्घाटन किया।
- पोर्ट ब्लेयर शहर में ठोस कचरा प्रबंधन सुविधा का निरीक्षण करने के लिए बारह टीमों का गठन किया गया है।
- कार्वाइंस–कोव में तेरह और चौदह जुलाई को आयोजित होने वाले मानसून पर्यटन उत्सव की तैयारियां जोरों पर है।

<><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पुलिस सेवा के अट्ठाईस परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान परिवीक्षाधीन अधिकारियों द्वारा कई प्रश्न पूछे गए। उपराज्यपाल ने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना पर प्रकाश डालते हुए इसके बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, विकास को बढ़ावा देने और कनेक्टिविटी में सुधार करने के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए इसके महत्व के बारे में बताया। स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सुविधाओं में सुधार, बुनियादी ढ़ांचों के विकास और सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की प्रशासन की प्राथमिकताओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने द्वीपों के भू–राजनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री निगरानी और आर्थिक विकास में उनकी भूमिका के बारे में भी जानकारी दी। एडमिरल डी. के. जोशी ने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षु परिवीक्षाधीन अधिकारी सेवा मूल्यों को बरकरार रखते हुए राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देंगे।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल ननकौड़ी तहसील में ई–कॉर्नर का वर्चुअल मोड से उद्घाटन किया। यह ई–कॉर्नर दूरदराज के द्वीपों में ऑनलाइन सेवाओं के कार्यान्वयन में एक

महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर निकोबार ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी वर्चुअली मौजूद थीं। निकोबार ज़िला उपायुक्त ने बताया कि निकोबार ज़िले में दो उप–मण्डलों–कार–निकोबार और कैम्पबेल–बे में पहले ही दो ई–कॉर्नर स्थापित किए जा चुके हैं। यह पहल ज़िला प्रशासन द्वारा शासन में लोगों की भागीदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने दूरदराज के द्वीपों में ऑनलाइन सेवाओं के कार्यान्वयन के लिए ज़िला प्रशासन के सामने आने वाली वर्तमान चुनौतियों के बारे में भी बताया। इस ई–कॉर्नर के माध्यम से नागरिक, एकल खिड़की प्रणाली से पारदर्शी और त्वरित तरीके से सभी ऑनलाइन सेवाओं तक आसानी से पहुंच सकते हैं। ई–कॉर्नर के उद्घाटन के साथ ही ननकौड़ी तहसील से संबंधित सभी मैनुअल सेवाओं को ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित कर दिया गया है। कच्छाल, चावरा और तेरेसा द्वीपों में भी तीन और ई–कॉर्नर स्थापित करने की योजना है। उद्घाटन समारोह में ननकौड़ी के सहायक आयुक्त रवीन्द्र कुमार ने लोगों को डिजीटल आय प्रमाण पत्र भी जारी किए। ननकौड़ी के सहायक आयुक्त रवीन्द्र कुमार, कमोर्टा के जन–जातीय परिषद की अध्यक्षा आयशा मजिद और विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख कार्यक्रम में उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा और द्वीपों को स्वच्छ तथा हरा–भरा बनाए रखने तथा कचरामुक्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पोर्ट ब्लेयर शहर देश के स्वच्छ शहरों में से एक बन सके। इस दिशा में मुख्य सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों के अधीन बारह टीमों का गठन किया है, जो वर्तमान ठोस कचरा प्रबंधन सुविधा का निरीक्षण करेंगे। इन टीमों को घर–घर जाकर एकत्र की जा रही तंत्र और आम जनता द्वारा कचरा फेंके जाने वाले प्रमुख स्थानों की पहचान करने का भी निर्देश दिया गया है। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान और दानिक्स अधिकारी सपना प्रिया ने हाल ही में पोर्ट ब्लेयर के वार्ड नम्बर–एक, दो और तीन का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने पाया कि ठोस कचरे सड़क किनारे और नालों में पड़े हुए हैं। आम जनता द्वारा कुछ खाली प्लॉट्स को कचरे फेंकने के मैदान के रूप में प्रयोग में लाया जा रहा है। कई दुकानों, होटलों और घरों के सामने भी कचरे पाए गए। कुछ दुकान मालिकों द्वारा ठोस और तरल कचरे को उचित तरीके से अलग–अलग भी नहीं किया जा रहा है। टीम ने नगरपालिका के इंस्पेक्टर को

मौके पर ही ऐसे दुकानदारों पर चालान करने को कहा। नौ ऐसे मामलों पर पांच—पांच सौ रूपये की दर से चालान काटे गए। सभी दुकानदारों और मकान मालिकों से ठोस कचरा प्रबंधन का पालन करने को कहा गया है।

अंडमान निकोबार प्रशासन कचरा प्रबंधन का असरदार तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए निगरानी तथा प्रयास जारी रहेंगे, ताकि पोर्ट ब्लेयर के निवासियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। मुख्य सचिव ने भी आम जनता से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में बढ़—चढ़कर हिस्सा ले और अपने शहर को साफ—सुथरा बनाए रखते हुए कचरा मुक्त करने में अपना योगदान दें, ताकि देश में यह शहर सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में जाना जा सके।

<><><><><><><>

कार्वाइंस—कोव में तेरह और चौदह जुलाई को आयोजित होने वाले मानसून पर्यटन उत्सव की तैयारियां जोरों पर है। बारह जुलाई को रोड—शो के साथ उत्सव आरंभ होगा तथा तेरह और चौदह जुलाई को शाम तीन बजे से नौ बजे तक इसका आयोजन होगा। उत्सव की सफलता के लिए सूचना, प्रचार और पर्यटन की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज की अध्यक्षता में ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संबंधित विभागों के साथ पर्यटन से जुड़े हितधारकों ने भाग लिया। विशेष सचिव ने सभी से दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करने और उत्सव में सबके सहयोग की कामना की। हर वर्ष जुलाई के मध्य में अंडमान को तीन सौ पैंसठ दिन पर्यटन गंतव्य के रूप में लोकप्रिय करने के लिए मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाता है। रेन डांस—एरिना और बीच वॉलीबॉल—एरिना उत्सव का मुख्य आकर्षण होगा। गीत—संगीत के कार्यक्रम आयोजित होंगे। कई प्रकार के खाद्य स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कार्वाइंस—कोव के अलावा मरीना पार्क एरिना में भी बारह से चौदह जुलाई तक शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग में पर्यटक बस ड्राइवर, पर्यावरण और वन, पत्तन प्रबंध बोर्ड, जहाज़रानी सेवा निदेशालय और ज़िला कारागार में भारी वाहन चालकों के पद के लिए उम्मीदवारों का ट्रेड टेस्ट चौबीस से सत्ताईस जुलाई तक सुबह सात बजे से अट्टम पहाड़ में लिया जाएगा, जबकि ज़िला कारागार में पुरूष वार्डर के पद के लिए उम्मीदवारों का ट्रेड टेस्ट

अट्ठाईस से इक्कतीस जुलाई तक सुबह सात बजे से नेताजी स्टेडियम में रखा गया है। इस संबंध में उम्मीदवारों की अस्थाई सूची भी जारी की गई है।

उधर, पत्तन प्रबंध बोर्ड में डेक रेटिंग के पद के लिए जारी की गई अतिरिक्त सूची के योग्य सभी चालीस उम्मीदवारों की प्रमाणपत्रों की जांच के साथ ट्रेड टेस्ट भी लिया जाएगा। प्रमाणपत्रों की जांच का कार्य उन्नीस जुलाई को सुबह दस बजे से पत्तन प्रबंध बोर्ड कार्यालय में, तैराकी परीक्षण बीस जुलाई को सुबह सात बजे से नेताजी स्टेडियम के स्वीमिंग पुल में और इसी दिन ट्रेड टेस्ट सुबह साढ़े दस बजे से पत्तन प्रबंधन बोर्ड कार्यालय में लिया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत द्वीपसमूह में खरीफ दो हजार चौबीस और रबी दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र के लिए इसकी कियान्वयन की दिशा में कार्रवाई की गई है। दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अंडमान ज़िले के साथ कैम्पबेल बे क्षेत्र को मिलाकर एक कलस्टर बनाया गया है। दालों और सब्जियों के लिए अधिकतम वित्त अनुपात को भी अधिसूचित किया गया है। योजना में पंजीकृत सभी किसान प्रीमियम पर रियायत पाने के हकदार होंगे। ऐसे किसानों को जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। किसानों को अपने–अपने क्षेत्र के एस. बी. आई. या सहकारी बैंक से भूमि रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। पंजीकरण के बाद यदि फसल की क्षति होती है, तो इसके बहत्तर घंटे के भीतर बीमा कराए गए कृषक द्वारा जानकारी कियान्वयन एजेंसी को देना होगा। द्वीपों के किसानों से इस योजना का भरपूर लाभ उठाने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी की प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के साथ राजनिवास में चर्चा करने और इस चर्चा में द्वीपसमूह में चल रही विकासीय गतिविधियों के अलावा इसके सामरिक महत्व पर जानकारी देने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है।

पोर्ट ब्लेयर शहर में स्पीड ब्रेकर्स लगाने को लेकर पार्षदों के साथ यातायात पुलिस की बैठक होने और इस पर चर्चा किए जाने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने में जगह दी है। इग्नू द्वारा साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द अण्डमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रूस का सबसे बड़ा सम्मान मिलने के समाचार को इंफो इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है, जबकि प्रधानमंत्री के रूस के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>